## कहा- राहुल गांधी-पप्पू यादव ने सनातन का अपमान किया, सिर झुकाकर माफी मांगें

# यूपी के संत चढ़ावा चोरी के नाटक पर भड़के

**नाराजगी**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/वाराणसी। संसद परिसर में राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर विपक्ष के प्रदर्शन पर यूपी का संत समाज भड़क गया है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सांसद राहुल गांधी और पप्पू यादव पर सनातन का अपमान करने का आरोप लगाया और उनसे सिर झुकाकर माफी मांगने को कहा।

दरअसल, मानसून सत्र के 10वें दिन यानी शुक्रवार को चढ़ावा चोरी को लेकर सपा-कांग्रेस ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया। बिहार की पूर्णिया सीट से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव साधु बनकर संसद पहुंचे। हाथ में दानपेटी लेकर मकर द्वार के




संसद परिसर में प्रदर्शन

पास जमीन पर बैठ गए।

जैसे ही सपा सांसद डिंपल यादव, धर्मेंद्र यादव और अवधेश प्रसाद दानपेटी में चढ़ावा डालने की कोशिश करते, पप्पू यादव तुरंत उसे छीनकर अपनी जेब में रख लेते। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी दानपेटी में रुपए डाले। थोड़ी देर बाद पप्पू यादव पेटी लेकर भागने लगे। सपा सांसदों ने उन्हें पकड़ लिया। उनसे दानपेटी छीन ली। उनकी पिटाई करने का नाटक किया।

इस पर, वाराणसी में अखिल भारतीय संत समिति ने नाराजगी जताई। स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती कहा-विपक्षी नेताओं की राजनीतिक लड़ाई बीजेपी से हो सकती है, लेकिन

### जितेंद्रानंद सरस्वती बोले- सनातन का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे

जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा- अखिल भारतीय संत समिति का यह मानना है कि संसद संविधान के अनुसार एक पवित्र परिसर है। इस पवित्र परिसर का उपयोग अगर राष्ट्र विरोधी, सनातन विरोधी और देश के बहुसंख्यक हिंदू समाज की भावनाओं को कुचलने के लिए, उनको अपमानित-लांछित करने के लिए पप्पू यादव जैसे अपराधियों के द्वारा किया जा रहा है, तो मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदया और लोकसभा अध्यक्ष दोनों से यह मांग करूंगा कि ऐसे सांसदों की संसद सदस्यता बर्खास्त होनी चाहिए। उन्होंने कहा- यह पूरी दुनिया के अंदर सनातन को मिटाने के लिए उतरे हुए हैं। और हम एक बात कहेंगे, आपकी चुनौती हमें स्वीकार है!

साधु-संतों का छद्म वेश धारण कर भगवा और सनातन परंपरा का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राष्ट्रपति और लोकसभा स्पीकर संसद की गरिमा तार-तार करने वाले ऐसे जनप्रतिनिधियों को बर्खास्त करें। अयोध्या के संत राजू दास ने कहा- आज दुर्भाग्यपूर्ण घटना हमने संसद परिसर में देखी। राम मंदिर में अव्यवस्था को लेकर पप्पू यादव ने साधु बनकर चंदा चोरी करते हुए पप्पू यादव अपने आप को दिखाया है। दूसरी तरफ





> **भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा, विपक्ष का व्यवहार गैर जिम्मेदाराना है। राहुल गांधी देश के युवाओं को भड़काना चाहते हैं। छात्रों की सभी मांगे मान ली गई हैं। वे छात्रों को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं।**

राहुल गांधी हंस रहे हैं। सपा सांसद अवधेश प्रसाद और सपा की टोपी पहने नेता कॉलर पकड़कर साधु को खींच रहे हैं। क्या यह संतों का अपमान नहीं है? सनातन संस्कृति का अपमान नहीं है?

## बरेली कॉलेज में यूजीसी नेट कोचिंग कार्यक्रम

### 2026 का ब्रोशर रिलीज, पंजीकरण आज से प्रारम्भ

तमसा संकेत, संवाददाता

बरेली। बरेली कॉलेज, बरेली के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा Environment, Agriculture and Education Society (EAES) के सहयोग से आयोजित यूजीसी-नेट (पर्यावरण विज्ञान) कोचिंग कार्यक्रम–2026 का ब्रोशर आज महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओ. पी. राय द्वारा विमोचित किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया आज से प्रारम्भ कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 05 अगस्त 2026 तक अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इस अवसर पर प्रो. राजेंद्र सिंह, डॉ. योगेश शर्मा, प्रो. दयाराम (वाणिज्य विभाग), प्रो. जसपाल सिंह (विभागाध्यक्ष, पर्यावरण विज्ञान), प्रो. अनामिका अग्रवाल, प्रो. निष्ठा सेठ, प्रो. गौरव भूषण, रिसर्च स्कॉलर मुकेश कुमार एवं



हर्षित तिवारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रो. ओ. पी. राय ने कहा कि यूजीसी-नेट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए विषय की गहरी समझ, नियमित अध्ययन तथा सही मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बरेली कॉलेज सदैव विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं शोध विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। यह कोचिंग कार्यक्रम विद्यार्थियों को अनुभवी शिक्षकों एवं विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में गुणवत्ता-पूर्ण तैयारी का अवसर प्रदान करेगा।

**फास्ट न्यूज**

### अमूल, पतंजलि के नाम पर बेच रहे थे नकली घी

गोरखपुर। नकली खाद्य पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। चौरी चौरा क्षेत्र के सहसराव स्थित तनवी इंटर-प्राइजेज पर छापा मार कर 400 किलो नकली घी जब्त किया गया है। इसे अमूल, पतंजलि, मधुसूदन, रॉयल व हरियाणा समेत कई नामी ब्रांड के रैपर में भरकर रखा गया था। इन्हीं कंपनियों के खाली रैपर भी यहां मिले हैं।

### यूक्रेन पर रूस के हमले में प्रयागराज का युवक लापता

प्रयागराज। रूस-यूक्रेन के बीच हो रही जंग में प्रयागराज के रहने वाले 23 साल का युवक लापता हो गया। 5 दिनों से घरवालों का युवक से संपर्क नहीं हो सका है। युवक की मां का कहना है कि मेरा बेटा मुझे वापस ला दीजिए। मैं सरकार से यही चाहती हूं मेरा बेटा वापस ला दे। परिवार का कहना है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच यूक्रेन के समुद्री जहाज पर हुए रूसी ड्रोन हमले के बाद से उनका कोई सुराग नहीं मिला है। परिवार के अनुसार करीब 9 महीने पहले वह 25 सितंबर 2025 को dwelloship मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की शिप में बतौर क्रू मेंबर शामिल हुए थे।

### माटी कलश यात्रा में सिर पर कलश लेकर निकले नंदी

प्रयागराज । संत शिरोमणि गुरू रविदास महाराज की 650वीं जयंती पर वाराणसी स्थित पावन जन्मस्थल की मिट्टी युक्त कलश यात्रा प्रयागराज में निकाली गई। शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र में औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी और पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता के नेतृत्व में कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में भाजपा पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

### लड़कियां कस्टडी में बोलीं-अब मीडिया के सामने परेड कराई जा रही

# 'कंपनी के बाद पुलिस ने बेवकूफ बनाया'

**वाराणसी में 21 महिलाएं गिरफ्तार, कॉल सेंटर में 1.25 करोड़ का फ्रॉड**

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी में बड़े फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 1.25 करोड़ रुपये की साइबर धोखाधड़ी का खुलासा किया गया है। इस मामले में 21 महिलाओं सहित कुल 32 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को वाराणसी पुलिस ने जब डीसीपी क्राइम नीतू कादयान के सामने इनमे से 21 युवतियों को पेश किया तो वो उग्र हो गयीं। चिल्लाना शुरू किया और कहा कि पहले कंपनी ने धोखा दिया। उसके बाद पुलिस ने बेवकूफ बनवाकर साइन करवाए और अब मीडिया के सामने परेड कराई जा रही है। सब कुछ खत्म हो गया हम



लोगों का। फिलहाल पुलिस ने सभी का मेडिकल करवाने के बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। डीसीपी क्राइम नीतू कादयान ने बताया - हमारे साइबर थाने में एक शिकायत मिली थी कि शेयर में निवेश के नाम पर पैसा लिया गया पर कोई लाभ नहीं मिला। इसके अलावा महमूरगंज के एक मकान में लड़के-लड़कियों के आने जाने की सूचना अभी हमें मिली थी। इसपर हमने रैकी करते हुए गुरुवार को दोपहर बाद वहां छापेमारी की थी। इस छापेमारी वहां टेली कलिंग करने वाली 21 महिला और 9 पुरुष सहित कुल 32 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

डीसीपी ने बताया - ये सभी मिर्जापुर, चंदौली और वाराणसी के रहने वाले हैं। सभी शेयर ट्रेडिंग में निवेश के लिए टेली कलिंग के जरिए ग्राहक फंसाते थे और उन्हें निवेश करवाते थे। ये फर्जी तरीके से एक रिहायशी बिल्डिंग में एनकेडी एन्ड एसोसिएट्स के नाम से फर्म चलाते थे।

# पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा का रिजल्ट जारी

### 76 हजार पास, सामान्य का कट-ऑफ ओबीसी से 7 अंक ज्यादा, अब फिजिकल पास करना होगा

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज । यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा का रिजल्ट शुक्रवार को जारी कर दिया गया। 32,679 पदों के लिए आयोजित इस परीक्षा में 76,184 अभ्यर्थी पास हुए हैं। बोर्ड ने कैटेगरी वाइज कट-ऑफ भी जारी कर दी है।

जनरल वर्ग की कट-ऑफ 258.03 और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की 251.63 रही है। यानी जनरल की कट-ऑफ ओबीसी से 7 अंक ज्यादा रही है। हालांकि, ओबीसी की कट-ऑफ EWS से 4 अंक ज्यादा है। वहीं, अनुसूचित जाति (SC) की कट-ऑफ 239.34 और अनुसूचित जनजाति (ST) की 210.10 रही है।

उत्तर प्रदेश पुलिस रिक्रूटमेंट एंड प्रमोशन बोर्ड (UPPRPB) के मुताबिक, अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन (DV) और फिजिकल स्टैंडर्ड टेस्ट (PST) होगा। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 17 अगस्त से



### 28.86 लाख आवेदन आए थे, 6.94 लाख ने छोड़ी थी परीक्षा

बोर्ड के मुताबिक, कॉन्स्टेबल और समकक्ष पदों के 32,679 पदों के लिए 28,86,797 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें 19,62,560 पुरुष और 9,24,237 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। लिखित परीक्षा 8, 9 और 10 जून को प्रदेशभर के परीक्षा केंद्रों पर 6 पालियों में आयोजित की गई थी। इसके लिए प्रदेश के सभी 75 जिलों के 1,183 केंद्र बनाए गए थे।

शुरू होगा। सितंबर में फिजिकल टेस्ट होगा। इसकी जानकारी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाएगी। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और फिजिकल टेस्ट के बाद फाइनल रिजल्ट जारी किया जाएगा।

**भर्ती बोर्ड के अनुसार, तीन दिनों में कुल 21,92,236 अभ्यर्थी शामिल हुए। वहीं करीब 6.94 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। लिखित परीक्षा 300 नंबरों हुई थी। इसमें 150 सवाल पूछे गए थे। हर सवाल 2 नंबर का था। इस बार नेगेटिव मार्किंग व्यवस्था खत्म कर दी गई है।**

### शारदा नदी में नाव पलटी, 2 लापता, 24 शहरों में बारिश का अलर्ट

# यूपी में 10 नदियां उफान पर, हाईवे पर बही गंगा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/वाराणसी। यूपी में मानसून फिर से कमजोर पड़ गया है, लेकिन पहाड़ों पर हो रही भारी बारिश से गंगा, घाघरा-सरयू समेत 10 नदियां उफान पर हैं। लखीमपुर खीरी में गुरुवार शाम शारदा नदी में नाव पलट गई। नाव सवार 9 लोग बह गए, जिनमें से 7 को बचा लिया गया। 2 की तलाश जारी है।

वहीं, बिजनौर में गंगा नदी का पानी बहसूमा-ठाकुरद्वारा स्टेट हाईवे के ऊपर से बह रहा है। पानी के बीच से गाड़ियां निकल रही हैं। रायपुर खादर और मीरापुर सीकरी गांव में सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई है। प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है। शुक्रवार सुबह से लखनऊ-गोरखपुर समेत 35 शहरों में बादल




छाए हैं। ठंडी हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने आज 24 शहरों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। ललितपुर, मिर्जापुर और सोनभद्र में भारी बारिश हो सकती है। लोगों को जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में बना दबाव अब ओडिशा-छत्तीसगढ़ की तरफ बढ़ गया है, जिस वजह से यूपी में मानसूनी गतिविधियों पर ब्रेक लग गया है और सैटेलाइट इमेज में यूपी के करीब 90% हिस्से से मानसूनी बादल गायब दिख रहे हैं।



### बादल छाए, 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही

लखनऊ में सुबह से बादल छाए हैं। सतही हवा 20 से 30 किलोमीटर की रफ्तार से चल रही है। इस साल अभी तक मानसून में कुल बरसात 176.4 मिलीमीटर हुई है, लेकिन सामान्य बारिश का औसत 307.4 मिलीमीटर है। यानि अब तक सामान्य से 43 फीसदी कम बारिश हुई है।

**सहारनपुर के बिहारीगढ़ क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर की एप्रोच और सर्विस रोड कई स्थानों पर धंसने लगी है। बारिश के बीच एप्रोच रोड पर कई जगह सड़क धंस गई है। सड़क की बजरी उखड़कर मार्ग पर फैल गई है। रसूलपुर कलां और अमानतगढ़ में सर्विस रोड पर जलभराव की स्थिति भी बनी हुई है।**

### फर्जी ट्रेडिंग कंपनी ऑफिस से 32 गिरफ्तार

वाराणसी। वाराणसी साइबर क्राइम टीम ने ट्रेडिंग के बहाने कॉलिंग करके साइबर ठगी करने वाले कॉल सेंटर पर छापेमारी की। साइबर क्राइम ब्रांच के दरोगा और सिपाही खुद ट्रेडर बायर बनकर पहुंचे, पूरे जाल और पैटर्न को समझा फिर 10 करोड़ इनवेस्ट करने की फाइल तैयार करवा ली ।

ट्रैडिंग के ट्रैप में आई युवतियों ने फॉर्म भी भरवा लिया और फर्जी कॉलिंग नंबर भी शेयर कर दिए, इसके बाद टीम ने पूरा माहौल और अधिक आरोपियों पर एक्शन के लिए फोर्स बुला ली । ट्रैडिंग कॉल करने वाले गैंग के 32 कॉलर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसमें 21 युवतियां शामिल हैं। मौके से कंपनी मैनेजर और उसके साथियों को गिरफ्तार कर कंप्यूटर, लैपटॉप और डेटा बरामद किया है।वाराणसी में साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर क्राइम टीम और स्थानीय पुलिस ने भेलूपुर थाना क्षेत्र के महमूरगंज स्थित शाही टावर में संचालित एक संदिग्ध कॉल सेंटर पर छापेमारी की।

# घाघरा में नहाने उतरा 18 वर्षीय युवक डूबा, मौत

### बाराबंकी में किनारे पड़े चप्पलों से हुई आशंका

तमसा संकेत, एजेंसी

रामनगर । बाराबंकी के रामनगर तहसील क्षेत्र स्थित तपेसिपाह गांव में शुक्रवार दोपहर घाघरा (सरयू) नदी में नहाने के दौरान 18 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे गोताखोरों ने करीब आधे घंटे की तलाश के बाद युवक का शव नदी से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। रामनगर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत तपेसिपाह निवासी अंजेश कुमार (18) पुत्र सुभाष शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे घर से निकला था। ग्रामीणों के अनुसार, वह कथित तौर पर शराब के नशे में था। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए वह घाघरा (सरयू) नदी में नहाने उतर गया। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना के समय



अंजेश , मृतक

आसपास कोई मौजूद नहीं था, जिससे समय रहते उसे बचाया नहीं जा सका। कुछ देर बाद ग्रामीणों की नजर नदी किनारे पड़े युवक के चप्पलों पर पड़ी। संदेह होने पर लोगों ने नदी में उसकी तलाश शुरू की और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोर मौके पर पहुंचे। परिजनों के अनुसार, अंजेश कुमार पिलर ढालने वाली मशीन चलाकर परिवार का भरण-पोषण करने में हाथ बंटाता था। परिवार में माता-पिता और तीन भाई हैं, जिनमें अंजेश दूसरे नंबर पर था।

**वारदात :** आंत डैमेज होने से मौत, प्रयागराज में राइस मिल में हेल्पर था 16 साल का लड़का

# नाबालिग के प्राइवेट पार्ट में एयर कंप्रेसर से भरी हवा

तमसा संकेत, एजेंसी

करछना । प्रयागराज में चार लोगों ने 16 साल के दलित लड़के के प्राइवेट पार्ट में एयर कंप्रेसर से हवा भर दी। इससे उसकी आंत डैमेज हो गई और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। जबकि 2 फरार हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने बताया कि लड़का एक राइस मिल में हेल्पर का काम करता था। गुरुवार सुबह करीब 4 बजे मिल में ही काम करने वाले चार मजदूरों ने किसी बात को लेकर उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसके प्राइवेट पार्ट (मलाशय) में एयर कंप्रेसर की नली डालकर हवा भर



दी। इससे उसका पेट फूल गया। लड़के की तबियत खराब हुई तो आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गए। गुरुवार सुबह करीब 5 बजे जब भाई कमरे पर पहुंचा तो उसे जानकारी हुई। उसने लड़के को प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां शाम करीब 7 बजे उसकी मौत हो गई। मामला औद्योगिक थाना क्षेत्र का है।



पुलिस ने मिल में जाकर वहां के मजदूरों से बात की। पुलिस ने दो लोगों को पकड़ा है।

### बड़े भाई के साथ मिल में काम करता था

मेजा थाना क्षेत्र के हरगढ़ कोहड़ार निवासी भीम गौतम के दो बेटे और दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी ममता की शादी हो चुकी है जबकि छोटी बेटी रानी घर पर हो रहती है। जबकि बड़ा बेटा अंशू और छोटा बेटा अंश औद्योगिक इलाके के एक एफटी राइस मिल में करते थे। बड़ा बेटा दिन और छोटा रात में ड्यूटी करता था।

बुधवार की रात उनका छोटा बेटा अंश ड्यूटी पर गया था। बड़ा भाई कमरे पर सो रहा था। गुरुवार सुबह करीब 5 बजे मिल में काम करने वाले दो लड़के बड़े भाई के पास कमरे में पहुंचे। उन्होंने बताया कि अंश की तबियत खराब हो गई है। यह सुनकर अंशू मिल पहुंचा। उसने देखा कि अंश जमीन पर पड़ा हुआ तड़प रहा था। उसका पेट फूला हुआ था। प्राइवेट पार्ट में प्रेशर की एयर पाइप लगी हुई थी। वह उसे शहर के एक प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचा।

### इलाज के दौरान अस्पताल में तोड़ा दम

गुरुवार शाम करीब 7 बजे इलाज के दौरान अंश की मौत हो गई। घरवालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। एसीपी करछना सुनील कुमार सिंह और थाना प्रभारी औद्योगिक कमलेश राइस मिल पहुंचे। यहां लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घरवालों ने अभी तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# आज इतिहास का काला दिन जज तक पहुंचने की कोशिश की गई

### 900 करोड़ के कोडीन केस से खुद को अलग किया

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज । 'जमानत के लिए जज तक पहुंच बनाने की कोशिश की गई। ऐसे प्रयास न्यायपालिका की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर सीधा हमला है। इन्हें किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। ये न्यायपालिका के इतिहास का काला दिन है।'

ये टिप्पणी इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज कृष्ण पहल ने गुरुवार को कोडीन कफ सिरप मामले में की। उन्होंने आरोपी भोला प्रसाद की जमानत अर्जी समेत 80 याचिकाओं को चीफ जस्टिस के पास भेज दिया और खुद को सभी केस से अलग कर लिया। जज कृष्ण पहल ने सुनवाई शुरु करते ही कहा- फैसला सुरक्षित रखे जाने के बाद आरोपियों ने पीठासीन न्यायाधीश तक निजी तौर पर पहुंच बनाने का प्रयास किया। उन्होंने इसे न्यायिक मर्यादा पर आघात बताते हुए कहा, ऐसी प्रवृत्ति




न्यायालय परिसर में किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जा सकती। भोला प्रसाद, कोडीन कफ सिरप गैंग के सरगना शुभम जायसवाल का पिता है। शुभम फरार है। उसे भगोड़ा घोषित किया जा चुका है। अब अगली सुनवाई 7 अगस्त को होगी। दरअसल, कोडीन कफ सिरफ केस में करीब 80 आरोपियों ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। इनकी एक साथ सुनवाई के लिए कोर्ट ने गुरुवार तारीख 30 जुलाई और समय सुबह 10 बजे तय की थी। आरोपियों के वकीलों के साथ ही राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी और एजीए प्रथम परितोष कुमार मालवीय भी मौजूद थे।

सुनवाई शुरू होते ही कोर्ट ने कहा- सुनवाई पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रखा जा सकता था, लेकिन बाद में आरोपियों द्वारा पीठासीन न्यायाधीश तक पहुंच बनाने और संपर्क के प्रयास किए गए। कोर्ट ने कहा कि यदि ऐसे आचरण को नजरअंदाज किया गया तो यह न्यायपालिका की स्वतंत्रता की जड़ों को कमजोर करेगा और आम जनता का न्याय व्यवस्था पर विश्वास डगमगा जाएगा।

लक्ष्मी आजीविका स्वयं सहायता समूह की खाद को मिली सराहना, वड्डूपुर पहुंचकर डीएम ने परखी गुणवत्ता

# बॉटम ऐश से जैविक खाद तैयार कर रही महिलाओं की पहल

निर्देश

बृजेंद्र वीर सिंह





तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। एनटीपीसी से निकलने वाली बॉटम ऐश का उपयोग कर तैयार की जा रही जैविक खाद की पहल को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने शुक्रवार को टांडा विकासखंड की ग्राम पंचायत वड्डूपुर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने लक्ष्मी आजीविका स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार की जा रही जैविक खाद की गुणवत्ता देखी और समूह की महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। समूह की अध्यक्ष सुमित्रा यादव ने बताया कि जैविक खाद निर्माण का प्रशिक्षण उन्होंने बेगूसराय, बिहार से प्राप्त किया है। इसके बाद समूह की महिलाओं के सहयोग से एनटीपीसी द्वारा उत्सर्जित बॉटम ऐश से उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद तैयार की जा रही है। वड्डूपुर भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत स्थित पंचायत लर्निंग सेंटर में संचालित डिजिटल लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लाइब्रेरी में अध्ययन कर रहे बच्चों से संवाद कर उपलब्ध सुविधाओं, डिजिटल शिक्षण संसाधनों और उनकी पढ़ाई की तैयारियों के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन करने और डिजिटल लाइब्रेरी में उपलब्ध संसाधनों का अधिक से अधिक उपयोग करने की सलाह दी। निरीक्षण के दौरान समूह की महिलाओं ने जैविक खाद तैयार करने की प्रक्रिया और उससे जुड़े कार्यों की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने समूह की गतिविधियों को देखा और उत्पादन से जुड़े पहलुओं की जानकारी ली।

### महिलाओं की पहल से आजीविका और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा

जिलाधिकारी ने तैयार की गई जैविक खाद का अवलोकन कर उसकी गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की इस पहल को ग्रामीण आजीविका संवर्धन और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

उन्होंने समूह की महिलाओं को भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण उत्पादन बनाए रखने और खाद के बेहतर विपणन की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### एनटीपीसी क्षेत्र के किसानों को जोड़ने की तैयारी

जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि विकासखंड स्तर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यशाला आयोजित कराई जाए। इसमें किसानों को जैविक खाद के उपयोग और इसके लाभों के बारे में जानकारी दी जाए।

उन्होंने विशेष रूप से एनटीपीसी के आसपास के गांवों के किसानों को इस खाद की खरीद और उपयोग के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक किसान जैविक खेती की ओर बढ़ सकें।

# जलालपुर पुलिस ने एक्सप्रेसवे मार्ग पर पकड़ी 2.50 लाख की खेप

## कार में छिपाकर ले जा रहे थे 282 बोतल अंग्रेजी शराब, दो तस्कर गिरफ्तार

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। चंडीगढ़ से अवैध तरीके से शराब की खेप बिहार पहुंचाने की कोशिश कर रहे दो तस्करों को जलालपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से 211 लीटर (282 बोतल) अंग्रेजी शराब, तस्करी में इस्तेमाल की गई कार, तीन मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है। बरामद शराब की कीमत करीब 2.50 लाख रुपये बताई गई है।

पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की। न्यायालय में पेश करने के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।

जलालपुर पुलिस गुरुवार देर शाम सुरहुरपुर-जलालपुर मार्ग पर चौबेपुर के पास संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच कर रही थी। इसी दौरान पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे से सुरहुरपुर रोड की ओर आ रही एक कार पुलिस की नजर में आई।

पुलिस टीम ने कार को रोककर तलाशी ली तो उसमें अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप मिली। कार से कुल 282 बोतल शराब बरामद होने के बाद पुलिस ने दोनों सवारों को हिरासत में ले लिया।

पुलिस जांच में सामने आया कि बरामद शराब केवल चंडीगढ़ राज्य में बिक्री के लिए अधिकृत थी। आरोपित इसे वहां से अवैध तरीके से बिहार ले जा रहे थे।

पुलिस के अनुसार, शराब तस्करी का उद्देश्य अधिक लाभ कमाना था। बरामदगी के बाद शराब, कार और अन्य सामान को पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान संदीप कुमार निवासी थाना सेक्टर-31, फेज प्रथम, चंडीगढ़ और मूल रूप से थाना बास क्षेत्र के उगालन, हिसार (हरियाणा) तथा विकास कुमार सिंह निवासी सेक्टर-31, फेज द्वितीय, राजदरबार, चंडीगढ़ के रूप में हुई है।

पुलिस ने दोनों के पास से शराब के अलावा तीन मल्टीमीडिया मोबाइल फोन और 1240 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। उपनिरीक्षक विवेक कुमार मिश्र की तहरीर पर दोनों आरोपितों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

फास्ट न्यूज

### गांव-गांव पहुंची विधिक जागरूकता मुहिम

अम्बेडकरनगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जन शिक्षण केंद्र की ओर से जलालपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत करमिसिरपुर, भस्मा और सुरहुरपुर में विधिक जागरूकता बैठकें आयोजित की गईं। कार्यक्रम में ग्रामीणों को स्थायी लोक अदालत की व्यवस्था, उसके अधिकार क्षेत्र और विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई।

### मां का साया बचपन में छूटा

अंबेडकरनगर। राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के कालूपुर गांव की रहने वाली निधि उपाध्याय का शैक्षणिक सफर संघर्ष और निरंतरता की कहानी है। जन्म के समय ही मां का निधन हो गया। इसके बाद बचपन से ही घर की जिम्मेदारियों के साथ पिता के खेती-किसानी के काम में सहयोग करना पड़ा। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने पढ़ाई का सिलसिला नहीं टूटने दिया। इंटरमीडिएट की पढ़ाई के दौरान निधि रोज करीब 25 किलोमीटर साइकिल चलाकर विद्यालय पहुंचती थीं। सीमित संसाधनों के बीच उन्होंने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। साथ ही आजमगढ़ के कॉलेज की मेधा सूची में भी स्थान बनाया।

### सड़क सुरक्षा सद्भावना कप: डॉक्टर्स इलेवन की लगातार दूसरी जीत

अम्बेडकरनगर। आराध्या श्री फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित सड़क सुरक्षा सद्भावना कप के दूसरे मुकाबले में डॉक्टर्स इलेवन ने क्रिएटर्स चैंपियन्स अंबेडकरनगर को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। मुकाबला विशाल क्रिकेट एकेडमी में खेला गया।

## मानसिक स्वास्थ्य को लेकर मेडिकल कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम

### विशेषज्ञों ने तनाव और डिप्रेशन से बचाव के बताए उपाय

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देशों के क्रम में महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, सद्दरपुर में गुरुवार को मानसिक स्वास्थ्य एवं वेलबीइंग कमेटी की ओर से मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव प्रबंधन और मानसिक समस्याओं के उपचार की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य डिप्रेशन, एंजायटी, फोबिया, डिसोसिएटिव डिसऑर्डर और अन्य तनाव संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को सकारात्मक सोच विकसित करने और मानसिक परेशानियों के शुरुआती लक्षणों को पहचानने के बारे में बताया।

मानसिक रोग विशेषज्ञ और सहायक आचार्य डॉ. अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक तनाव और नकारात्मक विचारों की समस्या बढ़ रही है। ऐसे में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना जरूरी है। उन्होंने बताया कि यदि मन लगातार उदास रहता है, नकारात्मक विचार आते हैं और इसका असर 15 दिन से अधिक समय तक कार्यशैली, खानपान या दैनिक जीवन पर पड़ रहा है तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसी स्थिति में परिवार, दोस्तों या रिश्तेदारों से बातचीत करनी चाहिए और जरूरत पड़ने पर मानसिक रोग विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए।

# दिवंगत पुलिसकर्मियों के आश्रितों को मिली बीमा राशि

## एसपी प्राची सिंह ने सौंपे 3.50-3.50 लाख रुपये के चेक

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। उत्तर प्रदेश पुलिस की कल्याणकारी योजनाओं के तहत शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने दिवंगत पुलिसकर्मियों के आश्रितों को भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), प्रयागराज की ओर से स्वीकृत बीमा धनराशि के मल्टीसिटी चेक प्रदान किए। कार्यक्रम का उद्देश्य दिवंगत पुलिस-कर्मियों के परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना था।

पुलिस अधीक्षक ने मुख्य आरक्षी स्वर्गीय अजय कुमार सिंह और आरक्षी स्वर्गीय कुलदीप कुमार बौद्ध के आश्रित परिवारों को बीमा राशि के चेक सौंपे। दोनों मामलों में भारतीय जीवन बीमा निगम, प्रयागराज की ओर से 3.50 लाख रुपये की बीमा धनराशि स्वीकृत की गई थी। यह राशि संबंधित पुलिस-कर्मियों की आश्रित पत्नियों को प्रदान की गई। पुलिस विभाग की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य सेवा के दौरान या सेवा अवधि में दिवंगत होने वाले पुलिसकर्मियों के परिवारों को आर्थिक संबल उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में एलआईसी द्वारा स्वीकृत बीमा धनराशि आश्रितों को उपलब्ध कराई गई। पुलिस अधीक्षक ने चेक वितरण के दौरान आश्रित परिवारों से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस अपने कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जरूरत के समय हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है।

**पुलिस कल्याण योजनाओं के तहत एलआईसी प्रयागराज ने स्वीकृत की बीमा धनराशि, आश्रित परिवारों को मिला आर्थिक सहयोग**

# दलित किशोरी से दुष्कर्म मामले में दोषी को उम्रकैद

## विशेष पॉक्सो कोर्ट ने लगाया 40 हजार रुपये जुर्माना

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। जैतपुर क्षेत्र में दलित किशोरी से दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मोहन कुमार की अदालत ने आरोपी आनंद सिंह उर्फ झिनक सिंह को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर कुल 40 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अदालत ने आरोपी को एससी-एसटी एक्ट के तहत आजीवन कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं दुष्कर्म के अपराध में 20 वर्ष के सश्रम कारावास सहित अन्य धाराओं में भी अलग-अलग सजाएं सुनाई गईं। अभियोजन पक्ष के अनुसार, घटना 11 सितंबर 2020 की है। जैतपुर क्षेत्र के भिटौरा दक्षिण निवासी आरोपी आनंद सिंह उर्फ झिनक सिंह पर आरोप था कि उसने घर के बाहर मौजूद दलित किशोरी का मुंह दबाकर उसे झाड़ियों में खींच लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप के मुताबिक, विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

पुलिस विवेचना पूरी होने के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान पीड़िता समेत अन्य गवाहों के बयान दर्ज किए गए और अभियोजन पक्ष की ओर से संबंधित साक्ष्य न्यायालय के सामने प्रस्तुत किए गए।

मत्स्य पालकों को मिली नई तकनीक की जानकारी, योजनाओं का लाभ लेने पर जोर

# तालाबों से बढ़ेगी आय

तमसा संकेत, संवाददाता






अम्बेडकरनगर। मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने और पालकों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से शुक्रवार को महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में एक दिवसीय कार्यशाला और जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मत्स्य पालकों, प्रगतिशील किसानों और पट्टा धारकों को वैज्ञानिक तरीके से मत्स्य पालन, सरकारी योजनाओं और आय बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मत्स्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार डॉ. संजय कुमार निषाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, उप निदेशक मत्स्य मुख्यालय लखनऊ, उप निदेशक मत्स्य अयोध्या मंडल अयोध्या, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य अम्बेडकरनगर और मत्स्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना और निषाद राज वोट सब्सिडी योजना के लाभार्थियों को डेमो चेक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना के तहत लाभार्थियों को मोपेड विद आइस बॉक्स वितरित किए गए।

### मत्स्य पालकों को योजनाओं से जुड़ने की अपील

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मत्स्य मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने मत्स्य पालकों से सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र मत्स्य पालकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक प्रबंधन के माध्यम से मत्स्य उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए पालकों को प्रशिक्षण और योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना जरूरी है।

**कार्यशाला का उद्देश्य जिले के मत्स्य पालकों और किसानों को सरकार की योजनाओं से जोड़ना और उन्हें आधुनिक मत्स्य पालन के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को शासन की लाभकारी योजनाओं और उनके आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई।**

# डिजिटल पुलिसिंग में अंबेडकरनगर का जलवा

## सीसीटीएनएस रैंकिंग में यूपी में नंबर-1

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। डिजिटल पुलिसिंग के क्षेत्र में अंबेडकरनगर पुलिस ने प्रदेश स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पुलिस तकनीकी सेवाएं मुख्यालय की ओर से जारी जून-2026 की सीसीटीएनएस प्रगति रैंकिंग में अंबेडकरनगर को उत्तर प्रदेश में पहला स्थान मिला है। तकनीकी सेवाओं के प्रभावी उपयोग और बेहतर प्रदर्शन के आधार पर जिले ने यह मुकाम हासिल किया।

सीसीटीएनएस प्रगति रैंकिंग में पुलिस विभाग के तकनीकी कार्यों का मूल्यांकन किया जाता है। इसमें सीसीटीएनएस यूसेज, आईसीजेएस सर्च, विभिन्न पुलिस पोर्टलों के उपयोग और नाफिस यूसेज जैसे महत्वपूर्ण मानकों को शामिल किया गया था। अंबेडकरनगर पुलिस ने इन सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

अंबेडकरनगर पुलिस की ओर से डिजिटल माध्यमों के उपयोग को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। अपराधों की विवेचना में तकनीकी संसाधनों का इस्तेमाल, पुलिस अभिलेखों का डिजिटलीकरण और नागरिक सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। सीसीटीएनएस व्यवस्था के माध्यम से पुलिस कार्यों को अधिक व्यवस्थित और तकनीक आधारित बनाने में मदद मिल रही है।

### एसपी ने टीम के प्रयासों को बताया महत्वपूर्ण

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि डिजिटल पुलिसिंग को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग, अभिलेखों के डिजिटलीकरण और पुलिस सेवाओं को प्रभावी बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की टीमवर्क, तकनीकी दक्षता और निरंतर प्रयासों से हासिल हुई है। सभी स्तरों पर तकनीकी मानकों के अनुसार कार्य करने का परिणाम प्रदेश में पहला स्थान के रूप में सामने आया है।

## मानसिक स्वास्थ्य को लेकर मेडिकल कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम

### विशेषज्ञों ने तनाव और डिप्रेशन से बचाव के बताए उपाय

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देशों के क्रम में महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, सद्दरपुर में गुरुवार को मानसिक स्वास्थ्य एवं वेलबीइंग कमेटी की ओर से मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव प्रबंधन और मानसिक समस्याओं के उपचार की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य डिप्रेशन, एंजायटी, फोबिया, डिसोसिएटिव डिसऑर्डर और अन्य तनाव संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को सकारात्मक सोच विकसित करने और मानसिक परेशानियों के शुरुआती लक्षणों को पहचानने के बारे में बताया। मानसिक रोग विशेषज्ञ और सहायक आचार्य डॉ. अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक तनाव और नकारात्मक विचारों की समस्या बढ़ रही है। ऐसे में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना जरूरी है। उन्होंने बताया कि यदि मन लगातार उदास रहता है, नकारात्मक विचार आते हैं और इसका असर 15 दिन से अधिक समय तक कार्यशैली, खानपान या दैनिक जीवन पर पड़ रहा है तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसी स्थिति में परिवार, दोस्तों या रिश्तेदारों से बातचीत करनी चाहिए और जरूरत पड़ने पर मानसिक रोग विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए।



जिला स्तरीय समिति की बैठक : लंबित कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश

# स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ईशा प्रिया के निर्देश पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने की। बैठक में मिशन से जुड़े विभिन्न योजनाओं और कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित कार्यों को समयसीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, लाभार्थियों के लंबित आवेदनों का सत्यापन, वित्तीय प्रगति, सामुदायिक शौचालयों के संचालन और रखरखाव समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। इसके अलावा ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों की स्थिति, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, आरआरसी (रिसोर्स रिकवरी सेंटर), कचरा वाहनों के संचालन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन और फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विकासखंडों में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा, ताकि स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित ग्रामों के निर्माण की दिशा में प्रभावी परिणाम सामने आ सकें।

### स्वच्छता मानकों के शत-प्रतिशत पालन के निर्देश

मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वच्छ भारत मिशन के सभी निर्धारित मानकों का प्रभावी तरीके से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित सत्यापन और स्वीकृति की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक शौचालयों का नियमित संचालन और बेहतर रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। साथ ही ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों में स्वच्छता व्यवस्था की गुणवत्ता बनाए रखने और ग्राम पंचायत स्तर पर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

**बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि जनभागीदारी का अभियान है। उन्होंने ग्राम पंचायतों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए 'मेरा प्लास्टिक, मेरी जिम्मेदारी' अभियान को अधिक सक्रिय रूप से संचालित करने और इसमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।**

# श्रावण और कांवड़ यात्रा पर प्रशासन का सुरक्षा कवच

## पूरे जिले में हाई अलर्ट, 96 मजिस्ट्रेट संभालेंगे मोर्चा

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। श्रावण मास और कांवड़ यात्रा के दौरान जिले में शांति, सुरक्षा और सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और प्रमुख शिवालयों में संभावित भीड़ को देखते हुए पूरे जिले को नौ जोन में विभाजित किया गया है। कानून-व्यवस्था पर नजर रखने के लिए 09 जोनल, 78 सेक्टर और 09 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। साथ ही, किसी भी आपात स्थिति या सूचना पर तत्काल कार्रवाई के लिए 24 घंटे संचालित कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है।

जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने बताया कि इस वर्ष श्रावण मास 30 जुलाई से 28 अगस्त 2026 (रक्षाबंधन) तक मनाया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में शिवभक्त और कांवड़िये विभिन्न पवित्र स्थलों से गंगाजल एवं अन्य पवित्र जल लेकर जिले के शिवालयों और मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। विशेष रूप से श्रावण के प्रत्येक सोमवार और अन्य धार्मिक अवसरों पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ रहने की संभावना है।

श्रावण मास के दौरान कानून-व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए प्रशासन ने पूरे जिले को 09 जोन में विभाजित किया है। प्रत्येक जोन में एक जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

